**खबर संक्षेप**

### थांवर पुल से छोटे वाहनों का आवागमन प्रारंभ



मंडला -एसडीएम नैनपुर सोनल सिडाम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मंडला-सिवनी मार्ग पर नैनपुर के निकट थांवर पुल पर सुधार कार्य जारी होने के कारण इस पुल से यातायात प्रतिबंधित किया गया था। पुल पर मरम्मत का कार्य पूर्ण कर इससे छोटे वाहनों का यातायात प्रारंभ कर दिया गया है।

### टास्क फोर्स की बैठक 1 अगस्त को

**मंडला-** वन विभाग की टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के गोलमेज सभाकक्ष में 1 अगस्त 2024 को दोपहर 3:30 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वन विभाग से संबंधित बिन्दुओं पर समीक्षा होगी। संबंधित अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित विभाग वन विभाग से संबंधित जानकारी 31 जुलाई 2024 तक अनिवार्यतः कलेक्टर कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।

## प्रभारी कलेक्टर ने किया माधोपुर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण

# इलाज के साथ जागरूक रहने से होगा बीमारी से बचाव- श्री कूमट

मंडला -सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने माधोपुर ग्राम के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए डायरिया रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इलाज के साथ बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है उन्होंने कहा कि ग्राम के प्रत्येक घर जाकर लोगों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त करें तथा आवश्यकतानुसार दवाईयां प्रदान करते हुए उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**डायरिया रोकथाम के प्रयासों का लिया जायजा**





श्री कूमट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम के सभी वार्डों में चौपाल का लगाकर लोगों को डायरिया से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराएं। भ्रमण के दौरान श्री कूमट ने स्वास्थ्य केन्द्र माधोपुर का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों से चर्चा की तथा उन्हें बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर श्री कूमट ने निर्देशित किया कि ग्राम की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन करें। नलजल योजना के पाईपों में आवश्यकतानुसार सुधार कराएं। पानी की टंकी की सफाई कराएं। पानी की जांच रिपोर्ट आने तक ग्राम में पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। ग्राम में पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था बनाएं। जहां पानी एकत्र हो रहा है वहां पर सोकपिट बनाएं। भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत बिछिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय मरावी, तहसीलदार नितिन गोंड़, बीएमओ एसएस उइके, खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप कठल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पड़ोसियों को भी प्रेरित करें

भ्रमण के दौरान प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने माधोपुर तथा औरई में आयोजित चौपालों में सहभागिता करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की समझाईश दी।उन्होंने कहा कि अपने घर तथा आस पड़ोस को स्वच्छ रखें। घर से निकलने वाले कचरा को अलग अलग संग्रहित करते हुए कचरा गाड़ी में ही डालें। ग्रामीणजन स्वच्छता के मानकों का स्वयं पालन करें तथा पड़ोसियों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि वर्षा जनित बीमारियों से बचने के लिए खाने एवं पेयजल में अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# रोपे गए पौधों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें - श्री कूमट





### प्रभारी कलेक्टर ने किया बिछिया क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण

**मंडला** -सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने शुक्रवार को बिछिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य, मध्यान्ह भोजन, सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास तथा वृक्षारोपण आदि कार्यों का निरीक्षण किया।ग्राम नरेनीमाल में किए गए वृहद वृक्षारोपण का अवलोकन करते हुए श्री कूमट ने निर्देशित किया कि रोपे गए पौधों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। आवश्यकतानुसार फेंसिंग कराएं। बारिश के पानी को रोकने की योजना तैयार करें। ग्राम माधोपुर में सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के निरीक्षण करते हुये प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं। बच्चों को प्रदाय किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। श्री कूमट ने ग्राम औरई में टीकाकरण कार्यक्रम का भी अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत बिछिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय मरावी, तहसीलदार नितिन गोंड़, खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप कठल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### समय पर पूरा करें निर्माण

भ्रमण के दौरान प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने ग्राम बंजी तथा सानीमवाल में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। तकनीकि अमला समुचित मार्गदर्शन प्रदान करें। श्री कूमट ने बाउंड्रीवॉल तथा खेल मैदान निर्माण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने उमरवाड़ा में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनाए जा रहे आवास तथा बंजी में ग्रेवियन संरचना का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### मध्यान्ह भोजन चखकर देखी गुणवत्ता

माध्यमिक शाला औरई के निरीक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने बच्चों के लिए बनाए गए मध्यान्ह भोजन को खाकर उसकी गुणवत्ता देखी। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता तथा मेन्यू का सख्ती से पालन करें। खाद्यान्न तथा सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही उपयोग में लाएं। भोजन वाले स्थान की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। श्री कूमट ने विद्यालय के नामांकन, पुस्तक वितरण आदि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।



# ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में मनाया कारगिल दिवस

### देशभक्ति के विभिन्न आयोजनों के साथ शहीदों की वीरता को दी सलामी

**मंडला** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यालय के छात्रों और एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति की भावना को उजागर किया,कार्यक्रम की शुरुआत में भारत माता की स्तुति और माल्यार्पण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने माता की आराधना करते हुए देशभक्ति के गीत गाए और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की,छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत भाषण,कविताएं और नारे प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने शहीदों की वीरता को सलामी दी,इस अवसर पर एक विशेष नृत्य नाटक का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युद्ध के नायकों के बलिदान को जीवंत किया। इस नृत्य नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया,सूचना पटल को देशभक्ति के पोस्टरों, नारों और शहीदों की तस्वीरों से सजाया गया। इस गतिविधि में छात्रों ने अपने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने कारगिल युद्ध और हमारे वीर सैनिकों के साहस को दर्शाने वाले पोस्टर बनाए,कार्यक्रम का आयोजन 1 एमपी आर्टिलरी रेजिमेंट के कमान अधिकारी कर्नल विक्रांत त्यागी, सेना मेडल और ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के डायरेक्टर निशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में हुआ और वरिष्ठ शिक्षिका राजुल सिंहानी एवं सोनिया जैन का विशेष योगदान रहा,कार्यक्रम के अंत में एनसीसी कैडेट्स ने ड्रिल्स और पीटी के माध्यम से अनुशासन और फिटनेस का प्रदर्शन किया।




# सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार




### .विवाह व्यावसायिक महासंघ का पौधारोपण अभियान

**मण्डला।** विवाह व्यावसायिक महासंघ द्वारा शुक्रवार को आओ करें वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विवाह उत्सव से जुड़े सभी व्यवसायियों के द्वारा 126 पौधारोपण किया गया। समाज को प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। नगर में सुखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार और कई उद्घोष से नगर गूंज उठा। कार्यक्रम में हर वर्ग के लोग शामिल हुए आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता कर आनंद का अनुभव किया एवं आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण के साथ-साथ खेलों के प्रति जागरूक करते हुए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। जहां नगर के समाजसेवी सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी सोनल सोनू बर्मन बताया कि विवाह व्यावसायिक महासंघ ने एक नई पहल शुरू करते हुए नगर के डिवाडर सहित धार्मिक स्थानों में पौधारोपण अभियान चलाया गया साथ ही एक पौधा जरूर लगाने की अपील भी की गई। इसी तारतम्य में चिलमन चौंक से लेकर डिंडौरी नाका तक के डिवाइडर में पौधा रोपण करते हुए ट्रीगार्ड से सुरक्षित किया गया। साथ ही आमानाला गौशाला एवं सूर्यकुंड धाम में पौधे लगाकर शपथ दिलाई गई। इस दौरान व्यावसायिक विवाह महासंघ के तमाम पदाधिकारी के साथ समाजसेवी व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

**नहीं किया जा रहा चौड़ी करण**



### एक्सीडेंट प्वाईंट बनकर रह गया पदमी चौराहा

**मण्डला-** जबलपुर-रायपुर नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन लगातार होता है। पदमी चौराहा स्थित इस हाईवे पर हिरदेनगर एवं घुघरी सलवाह मार्ग मिलते हैं इस पांइट पर लगातार दुर्घटनाएं होती रहती है कई लोगों की मौतें भी हो चुकी हैं। इन दोनों मार्गों का निर्माण कार्य एमपीआरडीसी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। नियमानुसार इस प्वाईंट पर चौड़ीकरण किया जाना चाहिए था। लेकिन चौड़ीकरण नहीं किया जा रहा है जिससे एक मार्ग के वाहन चालक को दूसरे मार्ग के वाहन दिखाई नहीं देते और दुर्घटना हो जाती है। सभी मार्गों के वाहन चालकों को एक दूसरे के वाहन दिखाई देना चाहिए इस हेतु यहां का चौड़ीकरण अति आवश्यक है किंतु बिजली के पोल एवं अवैध अतिक्रमण बाधा बने हुए हैं। पिछले दिनों ग्राम पंचायत एवं स्थानीय युवाओं द्वारा उक्त संदर्भ में कलेक्टर महोदय को आवेदन दिया गया है लेकिन इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। जन अपेक्षा है कि उक्त स्थल पर शीघ्र चौंड़ीकरण कराया जाये।

## उपचार की व्यवस्था देखने जिला चिकित्सालय पहुँचे प्रभारी कलेक्टर

**मंडला** -सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने शुक्रवार की सुबह जिला चिकित्सालय जाकर उल्टी, दस्त से प्रभावित मरीजों के उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने निर्देशित किया कि विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर रखें। आवश्यकतानुसार जांच कराएं तथा उनकी रिपोर्ट जल्द प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने मरीजों से भी चर्चा करते हुए उन्हें समय पर दवाईयाँ लेने की समझाईश दी। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरौते, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित रहे।





### जागरूकता शिविर सम्पन्न

**मंडला** - वन स्टॉप सेंटर मण्डला द्वारा संकल्प 100 मिशन शक्ति योजना महिला केंद्रित विधान सप्ताह अंतर्गत पड़ाव मण्डला में शिक्षा विभाग एवं जिले के अन्य विभाग के साथ मिलकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला केन्द्रित मुद्दों पर चर्चा की गई। आयोजित शिविर के दौरान शिक्षकों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अंतर्गत बलात्कार पीड़तिों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा, पीड़ति केंद्रित दृष्टिकोण, पुलिस द्वारा अनुचित परेशानी से रोकथाम आदि के बारे में शिविर में चर्चा की गई। उक्त शिविर में जिले के समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं वन स्टॉप सेंटर के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार मंडला जिला मंडला**

दिनांक-26/07/24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम महाराजपुर तह. व जि. मंडला को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश मिश्रा पिता राम जी लाल मिश्रा निवासी तहसील व जिला मंडल द्वारा ग्राम महाराजपुर प.ह.नं. 34 रा. नि. मं. महाराजपुर स्थित भूमि ख.न. 279/9 रकबा 0.022 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में भूमि स्वामी मुकेश मिश्रा पिता रामजीलाल मिश्रा के नाम पर दर्ज है आवेदक द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमिका नामांतरण/ बटवारा/ नक्शा बटाकन/ विक्रय अनुमति हेतु म. प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है अत: उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 14/08/24 को प्रात:11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ईश्तहार आज दिनांक 26.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया

तहसीलदार

मंडला 26/07/24

## खबर संक्षेप

### पूरा पैसा देने के बाद जमीन लिखने की बोलने पर की मारपीट

**गाडरवारा।** लोगों के मन में जब लोभ सताने लगता है तो वह अपने वादों से मुकरने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बैरागढ़ में देखने मिल रही है। जहां पर जमीन का सौदा की बात को लेकर पैसा देने के बाद जमीन की रजिस्टर पर मुकरते हुये की जा रही मारपीट। घटना के संबंध में ग्राम बैरागढ़ निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैने वर्ष 2021 में फिरोज अली से उसकी बैरागढ़ स्थित एक एकड़ जमीन का सौदा 4 लाख रूपये में किया था जिसके पैसे मैनें फिरोज को अलग -अलग किस्तो में दिये थे। और फिरोज ने मुझसे कहा था कि जब जमीन के पूरे पैसे मेरे पास आ जायेंगे तो जमीन तुम्हारे नाम कर दूंगा। यदि जमीन तुम्हारे नाम नही किया तो तुम्हे तुम्हारे पैसे वापिस कर दूंगा। इस तरह वर्ष 2022 मैनें फरीज अली को जमीन के 4 लाख रूपये अलग - अलग किस्तो में दे दिये । परन्तु जब भी मैं फिरोज से जमीन मेरे नाम करने को कहता हूँ तो फिरोज टालमटोल करने लगता है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जब मै और मेरी माँ रामवती रजक, फिरोज अली के पास गये और कहा की मेरे जमीन के पैसे मुझे वापस कर दो तो फिरोज अली इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बारिश के पानी को लेकर हुई मारपीट

**गाडरवारा।** शहर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम पिठहरा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे मकान के बाजू में राजू पिता स्व.कमल प्रसाद यादव उम्र 45 साल निवासी पिठहरा का मकान है जो बीते हुये दिवस बरसात होने से बरसात का पानी मेरे घर में आ गया था। उस पानी को निकालने के लिये मै व मेरे पिता परम लाल यादव के साथ राजू यादव की छेड़ी में नाली बना रहा थें। उसी दौरान राजू यादव आया व कहने लगा कि मेरी जमीन में नाली क्यो बना रहा हो। इसी बात को लेकर व गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### महिला पर गलत आरोप लगाते हुये की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मनकवारा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसी ग्राम निवी कुन्दन चौधरी, संतोष चौधरी तथा कुन्दन की पत्नी व यशवंत कुशवाहा द्वारा पीड़िता पर चरित्र हीनता का गलत आरोप लगाते हुये गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### जमीन की बात को लेकर महिला से मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जनकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम खिरिया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसी ग्राम निवासी महेन्द्र लोधी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर जब मै अपने घर पर थी उसी समय महेन्द्र लोधी द्वारा घर के सामने आकर गंदी गंदी गालियाँ देते हुये मारपीट कर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

---

गारंटी अवधि समाप्त होने के पहले ही अनेक जगहों पर गायब नजर आ रहा डामर तो सीमेंन्ट सड़क पर गिट्टी दिखा रही अपनी बत्तीसी..

# चंद माह पहले बनी बरहटा से कजरौटा तक बनी सड़क की गुणवत्ता हो रही उजागर








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये पक्की सड़को का निर्माण करा रही है। मगर गांव गांव बनाये जाने वाले इन मार्गो की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी व क्षेत्र के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है कि लाखो- करोड़ो रूपया की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क पांच वर्ष का कार्यकाल करने की बात तो दूर अपना एक जन्म दिन तक नही मनाते हुये नजर आने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरहटा से बरेली होते हुये कजरौटा तक लगभग एक साल पहले बनाई गई 3.689 किलो मीटर लम्बाई की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्मित हुई सड़क में देखने मिल रहा है। निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा मौके स्थापित किये गये वोर्ड के अनुसार मार्ग निर्माण की लगत का उल्लेख पता नही क्यों दर्ज नही किया गया जहां व अनेक सबालों को जन्म देते हुये जान पड़ रहा है। वही दूसरी ओर निर्माण पैकिज क्रमांक एमपी 2678 के तहत मैसर्स चौहान कंस्ट्रक्शन उदयपुरा द्वारा निर्माण कार्य किये जाने की खबर है? इस तरह आगामी पांच साल तक संधारण/ रख रखाव के साथ बनाई गई इस सड़क का पैकेज क्रमांक एमपी 26 MP26MTN082 बताया जा रहा है। वही कार्य प्रभारंभ होने की तिथि जहां 1 जून 2023 दर्ज है तो रख रखाव कार्य की अंतिम तिथि 31 मई 2028 दर्ज होने के साथ साथ पांच वर्षो के रख रखाव को लेकर 7.6 लाख रूपया की राशि का उल्लेख दर्ज देखा जा रहा है। इस सड़क के निर्माण में जहां क्रियांवयन ऐजेन्सी के रूप में म.प्र.ग्रा.स.वि. प्रा.पी.आई.यू क्रं.जिला नरसिंहपुर का उल्लेख किया गया है। वही सड़क की कुल लम्बाई में डामरीक्रत सड़क 3.087 है तथा सीमेन्ट सड़क के रूम में 0.602 का निर्माण हुआ है। सड़क निर्माण में पुलियों की संख्या 8 नग बताये जा रहे है। वही संधारण गतिविधियों के तहत सड़क किनारे से घास व झाड़ियों को काटना साल में एक बार बारिश के उपरांत, वही रेनकट्स में सुधार भी इसी तरह होना है। वही दूसरी ओर शोल्डरों में सुधार जरूरत के हिसाब

**जांच हुई तो गफलतबाजी की कहानी हो सकती है उजागर, जिम्मदारों की चुप्पी पर खड़े हो रहे सवाल...?**

से तो पाट व क्रक भी इसी तरह भरने के साथ सड़क किनारे नालियों का संधारण भी वर्ष में दो बार करना का अनुबंध हुआ है तथा पुल पुलियों एक रैलिंग सहित दीवार की पुताई साल में दो बार तो रोड फर्नीचर का संधारण जरूरत के हिसाब हो होना है। मगर सड़क के चारों ओर ऊग चुकी घास व झाडियों के साथ साथ टूटती हुई सड़क दुघटनाओं को आमंत्रण देने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर जहां हां से टूट रही सीमेन्ट सड़क के चलते सड़क खोज पाना मुश्किल होने के साथ साथ सड़क खोजो और इनाम पायों की प्रतियोगिता आयोजन कराने के लिये प्रेरित करते हुये जान पड़ रही है? वही दूसरी ओर जिस जगहों पर सीमेन्ट सड़क का निर्माण हुआ है उन स्थानों पर निकलते हुये गिट्टी जिस तरह अपनी बत्तीसी दिखाते हुये जिम्मेदारों की कार्यशैली को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। इस तरह ग्राम बरहटा से लेकर कटरौजा के बीच अनेक जगहों पर निकल रहे गड्डो के साथ साथ साईड से टूट रही सड़क वाहनों चालकों की जिन्दगी को खतरें में डालते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रही है। इस तरह मौके पर स्थापित वोर्ड के अनुसार तो इस सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है तो फिर सबाल यह पैदा हो रहा है कि मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार निर्माण कार्य को अभी चंद महिने ही गुजरे है? वही दूसरी ओर ग्राम बरहटा से लेकर कटरौटा गांव के बीच इस तरह भारी वाहनों का संचालन भी नही होता है। मात्र यहां पर के किसानों द्वारा अपने खेती के लिये उपयोग होने के वाहनों का ही इस सड़क से निकलने में उपयोग किया जाता है। इसके बाद भी जिस तरह सड़क जहां तहां से टूटते हुये नजर आ रही है। वही निश्चित तौर से सड़क निर्माण के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता को उजागर करते हुये इस सड़क को पास करने वाले संबंधित विभाग के उन अधिकारियों को भी सच्चाई का आईना दिखाने से नही चूक पा रही है जिनकी देखरेख में इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ साथ इस सड़को शासन के अधिकारियों द्वारा पूर्ण संतुष्टि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी व क्षेत्र के जिम्मेदार ही जाने। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब कोई शासकीय निर्माण होता है तो उसकी देख रेख के लिये शासन द्वारा निर्धारित किये गये जिम्मेदार अधिकारी द्वारा निगरानी की जाती है। वही उस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सड़क निर्माण के बाद अपनी संतुष्टि प्रदान की जाती है तब ही उस निर्माण कार्य को पूर्ण माना जाता है। मगर मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार यह हाल ही में निर्मित हुई सड़क की जो सच्चाई देखी जा रही है वह अपनी गुणवत्ता उजागर करने के साथ साथ उन अधिकारियों की पोल खोलने में कोई कसर ही छोड़ रही है जिनकी देख रेख में यह निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है? इस तरह गफलतबाजी की भेंट चढ़ी हुई इस सड़क के निर्माण कार्य की जांच निष्ठा के साथ होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? क्योंकि मौके पर स्थापित वोर्डो से इस सड़क के निर्माण की सच्चाई सामने आने से नही चूक रही है।

---

भागवत कथा के चौथे दिन विधायक पटैल ने पहुंचकर किया पूजन, नंद के आनंद भव जय कन्हैया लाल के नारों से गुंजमान हुई लिलवानी

# गुरु कृपा के बिना जीवन अधूरा - पंडित कैलाशाचार्य महाराज

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम लिलवानी खेरापति माता मंदिर के समीप ममार परिवार द्वारा आयोजत कराये जा रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में जहां दिन प्रतिदिन धर्म प्रेमी श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ती जा रही है तो दूसरी ओर महिलाओं में जिस तरह का उत्साह देखने मिल रहा है उसके चलते आयोजन स्थल पूर्ण रूप से गोकुल धाम का रूप लेते हुये देखा जा रहा है। वही आयोजन के चौथें दिवस तेंदूखेडा विधान सभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने भी आयोजन में पहुंचकर जहां श्रीमद् भागवत पुराण का पूजन करते हुये महाराज जी से आर्शीवाद लिया। वही चल रहे श्रावण मास के दौरान ग्राम लिलवानी में बह रही धर्म की गंगा के चौथें दिवस भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के दौरान जहां भक्तजन नंद के आनंद भव जय कन्हैया लाल के संगीत पर नृत्य करते हुये देखे गये। इस तरह कल शुक्रवार को कथा के चौथे दिन आरती के बाद कथा वाचक पंडित कैलाशाचार्य रहली वालों ने गुरु की महिमा का वर्णन सुनाते हुये कहा कि हमारा जीवन गुरु के बिना अधूरा होता है, जिसके जीवन मे गुरु कृपा नही है उसका जीवन असफल ही माना जाता है। यह बात जरूरी है कि हर व्यक्ति को जन्म देने वाले माता पिता होते है। मगर हर व्यक्ति की जिन्दगी संभालने वाला गुरू होता है। इसलिये गुरु की महिमा को जानना दुर्लभ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि साधु एवं गुरु के चरणों मे ही सभी धाम हैं। वही भागवत कथा के अमृत से



जीवन का उद्धार हो जाता है। इस कलयुग में जिसने भागवत कथा का आनंद नही लिया तो उसका जीवन असफल माना जाता है। श्रद्वा से आत्मा को परमात्मा का अंश बताते हुए उन्होने कहा कि व्यक्ति के मरने के बाद आत्मा शरीर से निकलकर भगवान के पास चली जाती है। उस दौरान उसके साथ कुछ नही जाता है जाते है तो सिर्फ उसके अच्छे कर्म और ईश्वर से जोडी गई आराधना ही मानव की नैया को भव सागर पार कराती है। वही कथा वाचक महाराज जी ने नर्मदा जी का वर्णन सुनाते हये कहा कि नर्मदा नदी पवित्र नदी है नदियों में सिर्फ नर्मदा जी की ही परिक्रमा की जाती है । आप और हम सभी लोग बडे ही सौभाग्य शाली हो जिन्होंने माँ नर्मदाजी के क्षेत्र यानि की उनकी गोद में जन्म लेने के साथ उनके दर्शन करने का पुण्य अर्जित कर रहे हो। माँ नर्मदा पापहरनी है जिसके दर्शन मात्र से व्यक्तियों के सारे कष्ट एवं दुःख दूर हो जाते हैं। इस कलयुग काल में अनेक प्रकार की इस तरह की चीजे देखने मिलेगी जिनकी कल्पना नही की गई होगी। अभी इतना भयानक कलयुग आ गया है कि रसोई में भोजन पकाने में भी स्वच्छता का ध्यान नही रखा जा रहा है इसीलिए हम जैसा अन्न खाएंगे वैसा ही हमारा मन रहेगा। ग्राम लिलवानी में ममार परिवार द्वारा आयोजित किये जा रहे श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में चौथे दिन महाराज जी ने कहा कि प्रेम भगवान की उपासना का नाम है। इसे जो जान लिया, वह सब को जान लिया। इंसान अगर चाहे तो भगवान को कितना भी समय दे सकता है, पर वे खुद ही नास्तिकता पैदा करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं मेरा प्रेम केवल भगवान से रहेगा। जो सब छोड़कर भगवान का हो जाता है, उसे सब मिल जाता है। जो थोड़ा- थोड़ा सब से प्रेम करता है, उसे सब नहीं मिलता, न ही प्रेम। क्योंकि प्रेम में भी एकाग्रता होना चाहिए। कथा के दौरान महाराज ने कहा आदमी को अनुकूल-प्रतिकूल स्थिति समझ में आ जाए तो वह कितने भी प्रतिकूल स्थिति में हो, अनुकूल स्थिति उत्पन्न कर लेता है। यह सब ज्ञान के माध्यम से हो सकता है। जैसे हम फटे हुए दूध को भी ज्ञान के जरिए पनीर बना सकते हैं। अनुभव और ज्ञान हो तो सब अच्छा है। भगवान राम को कैकयी माता के वचन अनुसार वनवास मिलता है। उनके जीवन में कई प्रतिकूलता आ जाती है। फिर भी राम ने उसे अनुकूलता से जिया। उनके साथ लक्ष्मण और सीता भी अनुकूल होकर चलते रहे। निराश नहीं हुए। इस तरह कथा के चौथें दिवस भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

---

## मादक पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ घुमाये गये डंडे के चलते तीन युवकों के पास से जप्त किया 3 लाख से भी अधिक कीमत का स्मैक पावडर सहित मोटर साईकिल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी की जुगड जोड़ी में शामिल जिले में मादक पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही करने में अलग पहचान बनाने वाले पुलिस कर्मी राजेश बागरी व कुलदीप द्वारा जिस प्रकार से मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ अपना डंडा घुमाया जा रहा है उसका परिणाम है कि क्षेत्र में अवैध रूप से मादक पदार्थो के कारोबार में लिप्त रहने वाले गाडरवारा थाना क्षेत्र ही नही बल्कि अन्य थाना क्षेत्र के लोग भी इस जुगल जोडी की दहशत के चलते भूमिगत होते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है..? वही दूसरी ओर इन अधिकारियों की कार्यवाही भी रोमांचकारी क्रिकेट मैच की तरह चलते हुये देखी जा रही है कि मौका मिलते ही वह अपना डंडा घुमाते हुये छक्का मारने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से मिश्रा व तिवारी की जुगल जोडी द्वारा कुछ दिनों के अंतराल बाद फिर मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ अपना डंडा घुमाते हुये तीन युवकों के पास से 3 लाख से भी अधिक कीमत का स्मैक पावडर सहित एक बाइक जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के चलते बीते हुये दिवस गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा किसी मामले की विवेचना के लिये जा रही थी उसी दौरान ग्राम बोहानी यात्री प्रतिक्षालय के पास तीन युवक मोटर साईकिल साथ खड़े हुये नजर आये और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। इस टीम में शामिल उप निरीक्षक प्रिंसी साहू, सहायक उप निरीक्षक मोहन पवार,प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, मादक पदार्थो के कारोबारियों को पहचाने में माहिर माने जाने वाले वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी के आलवा प्रधान आरक्षक धनीराम,आरक्षक चेतन,कमलेश, अखिलेश पटेल, मोहन चौरे, बालकृष्ण रघुवंशी, प्रदीप गुप्ता,सुजीत बागरी,शिवम पटैल,उत्तम उचाड़िया,धारा सिंह,नीरज डेहरिया, नितिन,महिला आरक्षक कुमुद पाठक द्वारा घेराबंदी करते हुये संदिग्धों को पकड़कर जब उनसे पूछताछ की गई तो युवकों द्वारा अपना नाम भागचंद उर्फ भग्गी पिता अन्नी लाल रजक उम्र 32 साल निवासी सांईखेड़ा, दीपक पिता राजेश राजपूत उम्र 21 साल निवासी एमपीईबी कालोनी गाडरवारा व रीतेश उर्फ गोल्डी पिता प्रकाश चंद सोनी उम्र 30 निवासी वायपास रोड गाडरवारा बताया गया। वही युवकों की तलाशी लेने पर इनके पास से पुलिस को 24.83 ग्राम स्मैक पावडर पाये जाने पर पुलिस ने आरोपियों के पास से स्मैक पावडर सहित एच एफ डीलक्स व तीन मोबाईल जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ एनटीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरफ्तार किया गया है। वही पुलिस द्वारा अपने खुलासे में स्पष्ट किया गया है कि जब आरोपियों से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि यह मादक पदार्थ स्मैक छोटू उर्फ विक्रम निवासी घाटोली जिला झालावाड़ राजस्थान से लाने की बात कही गई है। वही पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि इस प्रकरण के आरोपी भागचंद्र उर्फ भग्गी लाल रजक के विरूद्ध पूर्व में थाना गाडरवारा,साईखेड़ा एवं थाना भोजपुर (जिला राजगढ़) में एन.डी.पी.एस. एक्ट,आर्म्स एक्ट,चोरी,जुआ,आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किये गये हैं ।



---

## रोटरी क्लब के कार्यक्रम में शामिल हुये क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह, अपने अद्भुत शौर्य से मातृभूमि की रक्षा करने वाले वीरों को किया सलाम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित रोटरी क्लब ऑफ गाडरवारा द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में कक्षा 10 वीं, 11 वीं व 12 वीं के 300 से अधिक छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह मैराथन दौड़ पलोटन गंज से प्रारंभ होकर राठी तिराहा, गंज, झंडा चौक, चौकी से होते हुए महावीर भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्र- छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर मंत्री सिंह ने कारगिल विजय का जिक्र कर वीर शहीदों के बलिदान का पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कारगिल विजय दिवस की अहमियत बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने अपनी प्राणों की चिंता किये बगैर हमें विजय दिलायी। कारगिल में जिस शौर्य एवं पराक्रम से हमारे वीरों ने विजय प्राप्त की है। मातृभूमि की रक्षा करने वाले उन वीर शहीदों को सलाम है। भारतीय सेना का यह पराक्रम अद्भुत है। मैं उनके इस पराक्रम को नमन और प्रणाम करता हूं। इस दौरान उन्होंने राज्य शासन द्वारा खेल से जुड़ी व आने वाली नई सौगातों को सभी अवगत कराया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर मैराथन दौड़ की प्रशंसा की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने स्वागत भाषण दिया। वही अपने उद्बोधन के पश्चात क्लब के फाउंडर अध्यक्ष रामकुमार काबरा एवं डॉ. दुबे ने मंत्री सिंह को रोटरी पिन लगाकर क्लब का होनरेरी मेंबर बनाया। इसके बाद मंत्री द्वारा क्लब के नए सदस्य एसबीआई शाखा प्रबंधक विनोद अग्रवाल एवं अमन जैन को रोटरी की सदस्यता दिलाई। वही कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष प्रियंक सोनी एवं आभार सचिव अभिषेक बड़कुर ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटरी क्लब के नीलेश साहू, सुनील श्रीवास्तव, अशोक राजपूत, मनोज बसा विवेक त्रिपाठी, महेश रघुवंशी, अखलेश दुबे, सुरेंद्र साहू, राजीव जैन, राजेश गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, उत्सव गुप्ता, अमित पटेल, श्रीकांत राठी, डॉ राकेश बोहरे, अरविन्द रघुवंशी, नीलेश साहू, अक्षय जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद थे।



---

# संदिग्ध स्थिति में रेल पटरियों के बीच मिला युवक का शव, मौत की सच्चाई का पता करने में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शुक्रवार की सुबह नगर के रेलवे स्टेशन के पास सनसनी का महौल उस समय निर्मित हो गया जब एक युवक की लाश पटरियों के बीचों बीच पड़ी हुई थी तथा उसकी मोटर साईकिल सहित कपडे व मोबाईल फोन कुछ दूरी पर रखा हुआ था। इस तरह रेल पटरियों के पास लाश पाये जाने की सूचना पर मौके पर पहुंची रेल पुलिस द्वारा मृतक की पहचान नही होने के चलते लावारिश स्थिति में मर्ग कायम करते हुये पंचनामा के बाद शव को परीक्षण हेतु शासकीय चिकित्सालय भेजा गया। वही घटना को लेकर अनेक प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि जिस हालत में युवक की लाश रेल पटरियों के बीच पड़ी हुई थी तथा युवक की बाइक व मोबाईल सहित अन्य सामग्री कुछ दूरी पर सुरक्षित नजर आने के चलते रेल दुर्घटना से होने वाली मौत की संभावना पर विराम लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही थी..? अब आमजन सहित पुलिस के सामने यह सबाल पैदा होते हुये देखा जा रहा था कि जब मृतक की बाइक व अन्य सामग्री पाये गये शव वाले स्थान से कुछ दूरी पर सुरक्षित पाये जाने से निश्चित ही मौत की सच्चाई सबाल खड़े करने से नही चूक रही है? वही बताया जाता है कि कुछ समय बाद मृतक की पहचान ग्राम लिलवानी निवासी सूरज पिता योगेन्द्र कौरव उम्र 22 साल के रूप में किये जाने के बाद शव को रेल पुलिस द्वारा परिजनों के सौपते हुये मर्ग कायम करते हुये मामले की जांच शुरू कर दी गई तथा युवक की मौत के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



---

## पंचायतों के विकास कार्यों के नाम शासन को लग रहा चूना, अधिकारियों को मिल रहा संरक्षण?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से सरकार द्वारा गांवों की सूरत बदलने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू करके इसकी सफलता के लगातार प्रयास तो किये जा रहे है, मगर पंचायतों का विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित होते हुए दिखाई देने के साथ उनका कार्यकाल समाप्ति की ओर पहुंचते हुये दिखाई देने लगा है? जब ग्रामीण अंचलों की की ओर रूख किया जाता हो तो पंचायती राज के विकास कार्यो को पोल अपने आप की खुलते हुए दिखाई देने लगती है? क्योंकि पंचातयों में हुये विकास कार्य उसी सरपंच के कार्यकाल को पूरा नही हो पाने के पहले ही अपने गुणवत्ता की सच्चाई बताते हुए टूटते हुए दिखाई देने से नही चूक रहा है? यदि पंचायतों में शासन द्वारा विकास के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायत जहां धन राशि के आभाव से जूझ रही है तो अनेक पंचायत इस प्रकार की भी देखी जा रहा है जिनमें में प्रभावशाली वरिष्ठ अधिकारियों की कृपा दृष्टि होने के चलते उन पंचायतों को अनाप शनाप राशि आवंटित हो जाती है और पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा उस राशि से जिस प्रकार का विकास किया जाता है उस विकास कार्य की उम्र सिर्फ पत्थरों में नाम लिखे जाने तक ही बनी हुई दिखाई देते हुए देखी जा रही है? इतना रही नही जिन पंचायतों को मनमानी धनराशि प्राप्त हो जाती है है उनके अधिकांश पंचायत जनप्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास में रूचि न लेते हुए केवल अपने परिजनों, नजदीकी नाते रिश्तेदारों को उपकृत करने का ही काम किया जिसके चलते पंचायत का विकास कम और पंचायत प्रतिनिधियों का विकास होते हुए ज्यादा दिखाई दे रहा है, इस प्रकार की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचातयों द्वारा जिस प्रकार से पूर्व के समय में तालाब सड़के आदि बनवाने कार्य किया गया है उन कार्यो में सिर्फ शासन की राशि बर्बाद होने के नजारे ही दिखाई पड़ रहे है? क्योंकि अनेक पंचायतों द्वारा ऐसी जगहों पर तालाब खुदवाये गये है जहाँ गर्मी तो ठीक बरसात में भी पानी नहीं रूकता क्योंकि यह स्थल ऊँचाई वाले क्षेत्र में हैं, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि राजीव गाँधी जलग्रहण योजना के तहत जल का स्तर ऊँचा उठाने में भी कुछ इसी प्रकार की सच्चाई देखने मिलने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के विकास कार्यो को पास करते हुए पंचायतों को ओके रिर्पोट पेश करना जहां अधिकारियों की कार्य शैली पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगाते हुए जान पड़ रहा है।

खबर संक्षेप

## अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**डिंडौरी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने आज जिला चिकित्सालय डिंडौरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, निज सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग प्रकाश उईके, रंजीत सेन, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने निरीक्षण के दौरान समस्तम कक्षों मे किए जा रहे रिकार्ड संधारण एवं साफ-सफाई, ब्लड स्टोकर एवं दवाईयों एवं उपकरणों की उपलब्धिता, ब्लड बैंक में की जा रही समस्त जॉचों, मरीजों को मिल रही स्वास्थय सेवाओं एवं भोजन की मरीजों व उनके परिजनों से जानकारी ली। उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर एवं सभी वार्डों में व्यवस्थाओं के साथ-साथ साफ-सफाई के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमएचओ और सिविल सर्जन को फटकार लगाई। अध्यक्ष ने सहायक प्रबंधक जिला चिकित्सालय योगेन्द्र उईके को निलंबित करने व सफाई कर्मियों की एक-एक दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

## बालक छात्रावास का किया निरीक्षण



**डिंडौरी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने आज आदिवासी बालक छात्रावास डिंडौरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, निज सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग प्रकाश उईके, रंजीत सेन, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने छात्रावास के कमरों, किचन एवं शौचालय में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास की खिड़की से पानी का रिसाव होना पाया, जिस पर छात्रावास अधीक्षक को फटकार लगाते हुए ठीक कराने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी प्रकार की भोजन, पानी, बिस्तर, पढ़ाई की व्यवस्था बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाए ताकि बच्चों को पढाई एवं स्वास्थ्य में कोई दिक्कत ना आए। इस दौरान उन्होंने नवीन छात्रावास भवन की स्थिति पूछा और जल्द तैयार कर बच्चों को नवीन भवन में सिफ्ट करने के निर्देश दिए।

## नाबालिग बालिका की शादी कराने वाले गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना के अपहृता नाबालिग बालिका के दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा थाना प्रभारी बुढार को निर्देशित किया गया था, जिस पर पुलिस के द्वारा सघन लगातार तलाश पतारसी की गई। मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम जिला सतना के बड़े सबेरे ग्राम लटेगांव से अपहृता नाबालिग बालिका उम्र 16 साल 04 माह दस्तयाब किया गया। बालिका से पूछताछ करने पर उसने बताया कि आरोपी पिंकू लखेर पिता बद्री प्रसाद लखेर उम्र 20 साल निवासी लटेगांव थाना बदेरा जिला मैहर ने बुढार से उसे शादी का बोलकर ले आया था और उसके माता-पिता, बद्री प्रसाद लखेर पिता स्व. रामबिहारी लखेर उम्र 65 वर्ष एवं मां रामलली लखेर पति रामबिहारी लखेर उम्र 60 वर्ष दोनो नि. लटेगांव थाना बदेरा जिला मैहर ने उसकी शादी अपने पुत्र से करा दी है और अपने घर पर यह जानते हुए कि नाबालिग है बहू बनाकर रख लिये है, जिस पर प्रकरण में आरोपी पिंकू के माता-पिता के विरुद्ध प्रकरण में धारा 87,96 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मीना परते को कलेक्टर ने किया भार मुक्त






**डिंडौरी।** जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन के पद पर लम्बे समय से पदस्थ रहीं सुश्री मीना परते का डिंडौरी से नरसिंहपुर हेतु स्थानांतरण दिनांक 13.10.2023 को उप सचिव, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का आदेश क्र. 12117 व विशेष सहायक, मंत्री कार्यालय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का पत्र दिनांक 19.06.2024 के संदर्भ में अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ने अपने पत्र दिनांक 04.07.24 को सुश्री मीना परते, जिला परियोजना प्रबंधक को कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया था, जिसके विरूद्ध मीना परते जिला परियोजना प्रबंधक ने अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समक्ष अपील प्रस्तुत की थीं, सुनवाई उपरांत अपील अमान्य करते हुए सुश्री परते का जिला डिण्डौरी से जिला नरसिंहपुर किया गया स्थानांतरण निरंतर रखा गया था । उसके बाद भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडोरी ने जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को आदेश जारी होने के 20 दिन बाद भी भार मुक्त नहीं किया गया था, जिसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी। कल हरिभूमि अखबार में स्थानांतरण के बाद भी भार मुक्त न किये जाने का मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद जिला प्रशासन ने शासन के निर्देशानुसार 20 दिन बाद भारमुक्त करते हुए नरसिंहपुर में जॉइन करने के आदेश दिए हैं।

जिसके बाद कलेक्टर/मिशन संचालक म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला डिंडोरी ने शासन के निर्देश के परिपालन में मीना परते, जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला डिंडोरी को जिला परियोजना प्रबंधक जिला नरसिंहपुर के लिए 22.07.2024 पूर्वाह्न में भारमुक्त किया है। वही निर्देश दिये की मीना परते तत्काल अपनी उपस्थिति जिला नरसिंहपुर में देते हुए नवीन अनुबंध निष्पादन की कार्यवाही सुनिश्चित करे।

# ग्रामीण क्षेत्र शिक्षा प्रणाली में छात्र छतरी लगाकर अध्ययन करने मजबूर



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश शासन के दावों की पोल खोलते ग्रामीण स्तर की शिक्षा प्रणाली जहां छात्रों को शाला भवन के अंदर छतरी लगाकर अध्ययन करने की मजबूरी बनी हुई हैं। ताजा मामला जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम चांदपुर का हैं। जहां प्राथमिक शाला से लेकर हाई स्कूल तक संचालित हैं। प्राथमिक शाला जहां 3 कक्ष एवं 1 अतिरिक्त कक्ष निर्मित हैं। अतिरिक्त कक्ष पूर्णतः अनुपयोगी हैं। 3 कक्षों में 2 कक्षों का उपयोग किया जा रहा हैं। वहां भी बारिश के दिनों में निरंतर छत से पानी रिसाव होता रहता हैं। तीसरा कक्ष बंद पड़ा हुआ हैं, जहां पर पानी भरा हुआ हैं। संचालित माध्यमिक शाला भवन जो निर्माण के बाद से बारिश में पानी टपकता रहता हैं। जहां वर्तमान में कक्षा 6 वीं से कक्षा 10 वीं तक संचालित हैं। हाई स्कूल की दर्ज संख्या 25 जुलाई की स्थिति 65 एवं माध्यमिक शाला में 73 दर्ज हैं। जहां कुल 137 छात्रों का भविष्य संवारा जा रहा हैं। परंतु पूरे शाला भवन में बैठकर अध्ययन करने में छात्रों को छतरी लगाकर बैठना पड़ रहा हैं। जहां मध्य प्रदेश सरकार का दावा हैं कि सभी स्तर के विद्यालय सर्व सुविधायुक्त होंगे। परंतु जहां बैठने की व्यवस्था न हो और एक ही भवन में दो संस्थाएं संचालित हो रहे हैं। जहां भवन के साथ शिक्षकों की भी कमी हैं। जहां की 10 वीं कक्षा का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम मात्र 23 प्रतिशत रहा। निम्न परिणाम के लिए बैठक व्यवस्था एवं शिक्षकों की कमी बताया गया। जहां पर प्राचार्य सहित 3 शिक्षकों की ही पदस्थापना हैं। शेष अतिथि शिक्षकों के भरोसे हाई स्कूल संचालित हो रहा हैं।

**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में की गई योजनाओं की प्रगति एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा**

# मनोरी में आदिवासियों के असमय मौत के बाद जागा शासन-प्रशासन

***एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जल जीवन मिशन में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदार के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के दिये निर्देश***



**डिंडौरी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आदिवासियों कों शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, रोजगार और शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसकी निगरानी करना आयोग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय को स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, उचित मूल्य की दुकानों से राशन और शासन की योजनाओं का लाभ मिले इस उद्देश्य का जिला प्रशासन पूरी तरह पालन करे। उक्त बैठक में कलेक्टर विकास मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, निज सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग प्रकाश उईके, रंजीत सेन, डीएफओ साहिल गर्ग, सीइओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेटर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों सभी मूलभूत आवश्यक्ताओं को प्राथमिकता में रखते हुए पर्याप्त शुद्ध पेयजल, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन आदि की व्यवस्था समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम मनौरी में जल जीवन मिशन के कार्यों में गंभीर लापरवाही बरतने पर ठेकेदार पी.एस. कंस्ट्रक्शन के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इन क्षेत्रों में स्कूलों का संचालन निर्धारित समय सीमा तक करें। निर्धारित समय से पूर्व स्कूल छोड़ने वाले या स्कूल नहीं जाने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि स्कूलों में बेहतर शिक्षा दें जिससे बच्चों का भविष्य बेहतर बन सके। जिले में संचालित आदिवासी छात्रावासों का संचालन बेहतर ढंग से करें। छात्रावासों का संचालन करने में लापरवाही बरतने वाले छात्रावास अधीक्षकों पर कड़ी कार्यवाही करें। अध्यक्ष श्री अंतर आर्य ने बताया कि अनुसूचित जनजाति आयोग ने आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी के लिए सौ दिवसीय कार्ययोजना बनाई गई है। जिससे शासन की योजनाओं से आदिवासियों को मिल रहे लाभों की समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन युवा संवाद करें। इस संवाद कार्यक्रम में आदिवासी युवाओं को जोड़ें और उन्हें शासन की योजनाओं व कार्यों के बारे में जागरूक करें। जिससे वे आगे आकर शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकें।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आदिवासी अपने धर्म संस्कृति और परम्पराओं का पालन करते हैं। यह धरोहर उन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती है। जो आदिवासी समाज के लिए अनमोल है। उन्होंने कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व आदिवासियों के रीति रिवाज और परंपराओं को खंडित करने का कार्य करता है तो उन पर कार्यवाही की जाए। जिससे आदिवासियों की रीति रिवाज और परंपराओं का संरक्षण हो सके। अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश वासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है। इसके तहत सभी आम नागरिक, विभाग और समाज सेवी अनिवार्य रूप से एक फलदार पेड़ जरूर लगाएं और उसकी सुरक्षा भी करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संतुलन के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी हैं। खाली पड़ी सरकारी भूमि में ग्राम पंचायतों के माध्यम से पेड़ जरूर लगाएं। ग्राम पंचायत द्वारा पेड़ लगाने के लिए नीम और करंज के पौधों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि जिले में शासन की योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। उन्होंने इस अवसर पर वनाधिकार पट्टा वितरण के संबंध में समीक्षा की। लंबित वनाधिकार पट्टा का पुनः परीक्षण कर पट्टा वितरण करने के निर्देश दिए। जिससे पत्रताधारी लोगों को वनाधिकार पट्टा मिल सके। अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए समुचित प्रबंध किया जाए। इन क्षेत्रों में संक्रमण बिमारियां फैलने पर तत्काल उसका निदान करें। मैदानी अमले को अपने अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने को निर्देशित करें। जिससे संक्रमण बीमारियों को तत्काल नियंत्रित किया जा सके।

निज सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग प्रकाश उइके ने जिले में आयुष्मान कार्डधारी जनजाति हितग्राहियों और उनके उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पेसा मोबलाइजरों को पेसा एक्ट के दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए, उन्हें अन्यत्र कार्य न सौंपने को कहा। जनजातीय युवाओं को स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने के निर्देश दिए। जिले में संचालित स्व-सहायता समूहों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित करने के लिए समस्त हितग्राहियों के नाम जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातियों के भूमि से संबंधित विवादित, अविवादित, नामांतरण के प्रकरणों के निपटारे के संबंध में जानकारी ली। आयोजित बैठक में कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले में अनुसूचित जनजातियों के लिए संचालित योजनाओं एवं जनजाति क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य को जयस ने सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

डिंडौरी के नक्सल प्रभावित थानो को नक्सल प्रभावित मुक्त करने के साथ विस्थापन के लिए जिम्मेदार बांध परियोजनाओं को निरस्त करने का किया आग्रह

डिंडौरी



राष्ट्रीय जनजातीय आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या डिंडोरी जिले के दौरे पर हैं उनके डिंडोरी प्रवास पर जयस प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम के नेतृत्व में जयस का प्रतिनिधि मंडल 10 सूत्री मांगों के साथ अंतर सिंह आर्या से मुलाकात कर समस्याओं के निराकरण की मांग किया जिसमे प्रमुखता से निम्न मांग की गई

(1) यह कि बजाग,करंजिया समनापुर को विगत वर्षों में नक्सल प्रभावित घोषित किया गया जबकि विगत कई दशकों से जिले में एक भी नक्सली घटना घटित नहीं हुई है, अतः नक्सल प्रभावित थानो को नक्सल प्रभावित से मुक्त किया जाए।

'(2) अंडई, बिठल्दा,अपर नर्मदा परियोजना(शोभापुर),अंडई,बसनिया, मरवाही,अपर बुढनेर बृहद परियोजना में बांध बनने से विशेष संरक्षित बैगा जनजातियों सहित अन्य जनजातियों के विस्थापन से आदिवासी संस्कृति,आदिम ज्ञान संपदा,जलीय,स्थलीय एवं जंगल के जैव विविधता का अस्तित्व हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।

(3) वनाधिकार मान्यता कानून 2006 के उद्देश्यों के अनूरूप लगभग नहीं के बराबर जिले और पड़ोसी जिलों में समुदायिक वन संसाधन के अधिकार दिए गए हैं और ना ही प्रशासन के तरफ से कोई ठोस उपाय नहीं किया गया है,अतःइस पर गंभीरता से कार्यवाही करते हुए मिशन चलाकर आदिवासी एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को वनाधिकार के पत्र दिलाएं जाने के लिए आदेशित करें।

(4) इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में आदिवासियों के लिए शैक्षणिक संस्थानों में 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए और गोंडी, भीली, संथाली, हल्बी जैसे तमाम आदिवासी भाषाओं के लिए पृथक पृथक पाठ्यक्रम तैयार कर एक डिपार्टमेंट स्थापित किया जाए।

(5) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक का क्षेत्रीय शाखा प्रत्येक आदिवासी बाहुल्य राज्यों (राजस्थान में डूंगरपुर-बांसवाडा,गुजरात में बनासकांठा, सावरकांडा, महाराष्ट्र में गढ़चिरौली, छत्तीसगढ़ में बस्तर) स्थापित किया जाए।

(6) छटी अनूसूची के तर्ज पर पांचवीं अनुसूची को भी मध्यप्रदेश में लागू किया जाए और ग्राम सभा के सहमति के बिना चालू समस्त योजना परियोजना को निरस्त किया जाए।

(7) अनुच्छेद 275 अंतर्गत आदिवासियों के लिए आवंटित विशेष बजट को ग्राम सभा को आवंटित कर स्थानीय स्तर पर रेत, गिट्टी, वनोपज एवं अन्य खनिजों के खनन और संचालन के अधिकार और पूंजी उपलब्ध कराया जाए ताकि आदिवासी क्षेत्रों के पलायन को रोका जा सके।

(8) नवीन भू अधिग्रहण कानून 2013 में संशोधन कर भूमि देने वाले परिवार को मुआवजा के साथ-साथ उस परियोजना में पीढ़ी दर पीढ़ी उनकी अधिग्रहित जमीन के अनुपात में मालिकाना या राजस्व की हिस्सेदारी दी जाए ताकि संबधितो का आय का स्त्रोत बना रहे।

(9) आदिवासी बाहुल्य जिलों में विशेष प्रयास और पैकेज से चिकित्सकों की भर्ती और समस्त अस्पतालों में सम्पूर्ण संसाधन और स्टाफ की भर्ती की जाए।

10 आदिवासी उपयोजना की राशि केवल आदिवासी क्षेत्रों के हित में खर्च किया जाए ना कि सरकार अपने राजनैतिक फायदे के लिए अन्यत्र खर्च करें।

प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम ने बताया कि तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार आदिवासी उपयोजना के राशि का बंदरबांट कर रही है, उपयोजना की राशि कहीं महिला बाल विकास सामान्य क्षेत्र,मंदिर निर्माण,कभी इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट और तत्कालीन बजट में गौ संवर्धन के लिए 95 करोड़ बजट आदिवासी उपयोजना से आवंटित कर दिया है जो आदिवासियों के साथ अन्याय है,कितने विद्यार्थियों को कई वर्षों से छात्रवृत्ति नहीं मिली है कितने युवाओं को पीएससी प्री पास करने का प्रोत्साहन राशि नहीं मिला,इतना ही नहीं मेरे गृह जिले डिंडोरी के अमरपुर विकास खंड के मनौरी ग्राम में पीने का साफ पानी तक नहीं है जहां संक्रमित पानी से फैले डायरिया से 10 सहित जिले में 12 लोगो की दुखद मृत्यु हो गई,दर्जनों विद्यालय में भवन नहीं है और ना ही पर्याप्त शिक्षक अस्पताल में डॉक्टर और दवाइयों की कमी है और सरकार बुनियादी सुविधाओं में खर्च करने के बजाए सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए आदिवासी और आदिवासी जिलों के हक का ऐसा अन्यत्र खर्च कर रही है जो आदिवासियों के खिलाफ सरकार की मानसिकता को दर्शाती है,इसके खिलाफ 29 जुलाई को प्रदेश भर में जयस हल्ला बोल कर ज्ञापन भी सौपेगा,सभी लोगों से अपील है कि अपने हक के लिए हमारे साथ आवाज बुलंद करें ताकि साझे संघर्ष और आपके हक की राशि से डिंडोरी मंडला सहित तमाम आदिवासी जिलों को बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण कर सकें।

जयस प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष के साथ जिला सचिव अजीत पट्टा,नगर प्रभारी जयराज कुलेश,इंजनीय यन्नू सिंह मरावी,रमेश परस्ते, बुद्धसिंह,सोनसिहं आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# कारगिल विजय दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा ने निकाला मशाल जूलूस, शहीदों को दी श्रद्धांजलि





**डिंडौरी।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मशाल जुलूस का आयोजन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते के नेतृत्व में किया गया, मशाल जुलूस भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर रानी अवंती बाई चैक मैं संपन्न हुआ, इस दौरान महापुरुषों को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह परस्ते ने कहा कि शहीदों की वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता इस आजादी को पाने के लिए जाने कितने शहीदों ने अपना प्राणों का न्योछावर कर दिया हमने अपने देश की विशेषताओं को कायम रखते हुए सहेजना होगा।

जब जब देश पर हमला हुआ तब तब हमारे वीर जवानों ने उसका कडा जवाब दिया, युवाओं को वीर जवानों के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कार्यक्रम प्रभारी अतुल दुबे ने कहा कि देश के जवान किसी भी परिस्थिति से लड़ने के लिए सर्वदा तत्पर रहते हैं चिलचिलाती गर्मी, मूसलाधार बारिश जमा देने वाली ठंड मैं घर परिवार से दूर सैनिक अपने लक्ष्य पर डटे रहते हैं वीर जवानों के कारण ही हम और हमारा परिवार समाज चैन की सांस लेता है वे है इसलिए हम हैं भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि कारगिल की लड़ाई मां भारती के वीर सपूतों के शौर्य का प्रतीक है भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और समर्पण का में हृदय से बंदन करता हूं आज का दिन हमारे सैनिकों की वीरता और पराक्रम की कहानियों से भावी पीढ़ियों को देश के लिए इसके जीने मरने के लिए प्रेरित करता रहेगा मैं भी सभी युवाओं से आग्रह करता हूं देश के वीर शहीदों के जीवन को आत्मसात करें, और शहीदों का बलिदान व्यर्थ ना जाए इसलिए उनकी गाथाएं नौजवानों तक ले जाएं और नौजवानों को नशे से दूर करने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में पंकज तेकाम प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह परस्ते ,कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल दुबे जी ,कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, डिंडोरी मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मंडल अध्यक्ष , भागीरथ उरेती मंडल महामंत्री, सौरभ सोनी, हरिहरन रजक भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महामंत्री, हीरेंद्र सिंह मरावी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, नवीन विश्वकर्मा नगर अध्यक्ष, सारंग चैकसे, सरजू ठाकुर, सुनील यादव, सौरभ सोनी, कान्हा शर्मा, प्रशांत मिश्रा, भाजपा मीडिया प्रभारी पप्पू प्रदीप कुमार झारिया रोहित असाटी ,तुराज टांडिया, बलराम राठौर, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कल

**नरसिंहपुर।** पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के संबंध में राज्य स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण उपरांत प्राप्त गोपनीय सामग्री एवं मेडल कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह को जिला नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य जीएस पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर अनिल कुमार व्यौहार, डीपीसी डॉ. आरके चतुर्वेदी तथा डीएटीसीसी प्रभारी विवेक सिंह ने सौंपी। पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के क्विज मास्टर डॉ. अशोक उदेनिया ने बताया कि जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार 27 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में किया जायेगा। क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में जिले के पंजीकृत 170 विद्यालयों की टीम की लिखित परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। इन टीमों से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों के बीच कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर शासकीय पीजी कॉलेज ऑडीटोरियम में मल्टीमिडिया राउण्ड दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित होगा। इस दौरान दर्शकों से भी प्रश्न पूछे जावेगें तथा पुरस्कार किया जावेगा। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रदेश के दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलों पर जाने के लिए टूर पैकेज दिया जावेगा। मप्र के साथ- साथ जिले के पर्यटन स्थलों एवं सांस्कृतिक धरोहरों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है। जिला नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य जीएस पटेल ने जिले के समस्त पंजीकृत टीमों के संस्था प्राचार्यों से आग्रह किया है कि वे विद्यालय के समस्त पंजीकृत छात्र-छात्राओं को 27 जुलाई को सुबह 8 बजे 9 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में मार्गदर्शी शिक्षक के साथ उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**नरसिंहपुर।** जिले में बाढ़ नियंत्रण कक्ष कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 में स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07792- 233552 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी गिरीश धुलेकर को बनाया गया है, यह बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे खुला रहता है। जनमानस को किसी भी परेशानी जैसे कहीं पानी भराव, मकान क्षति, जनहानि व पशुहानि की मदद के लिए सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी अधीक्षक भू- अभिलेख नरसिंहपुर ने दी है।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 29 को

**नरसिंहपुर।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की मासिक बैठक आयोजित करने के निर्देश जारी किये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 29 जुलाई को शाम 5.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

### 4 फर्मो के विक्रताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

**बालाघाट।** कृषि विकास उपसंचालक राजेश कुमार खोबरागड़े ने बताया कि जून माह में विभाग द्वारा विभिन्न फर्मो से लिये गए नमूनों की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजें गए गए। प्रयोगशाला द्वारा जांच के बाद रिपोर्ट भेजी गई है। ज्ञात हो कि 11, 12 और 19 जून को बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत बीज निरीक्षक द्वारा बीज नमूने अंकुरण परीक्षण के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे गए थे। प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण उपरांत धान बीज अमानक पाए गए है। जिसके फलस्वरूप विक्रेता लालजी ट्रेडर्स बिरसा, श्री कृषि औषधि केंद्र मोहगांव, किसान कृषि केंद्र खारा खिर्सी किरनापुर तथा पारधी ट्रेडर्स किरनापुर क्रिय केंद्रों में उपलब्ध बचत स्कन्ध का क्रय, विक्रय एवं भंडारण जिले में प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही 29 जुलाई तक विस्तृत स्पष्टीकरण करने के लिए कहा गया है अन्यथा बीज नियंत्रण आदेश-1983 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के आदेश जारी किए गए है।

# संचित धन का सदुपयोग ही मनुष्य की सफलताः माताश्री

## संयम वर्षा योग चौमासा कलश की स्थापना

**नरसिंहपुर।** नगर के पुण्योदय के योग के कारण धर्म-आराधना ओर प्रवाहना के सतत अभ्यास श्रावकों के आचरण में आता है कंदेली स्थित दिगम्बर जैन मंदिर जी में आर्यिका रत्न 105 अनंत मति माता जी के ससंघ वर्षा योग के कलश स्थापना कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण आभा दीदी ने किया उपरांत माताजी के ससंघ को समाज के लोगों ने शास्त्र भेंट किये। 108 आचार्य विद्यासागर महाराज जी एवं आचार्य समय सागर महाराज के तेल चित्र का अनावरण धर्मानुरगी कैलाश सोनी, सुशांत पुरोहित एवं समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा किया गया। तदपरांत चित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन किया गया।




### बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रेरक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अगले चरण में ध्वजारोहण का सौभाग्य डा.राहुल सौधिया को मिला। संयम वर्षा योग चैमासा कलश की स्थापना का प्रथम सौभाग्य बड़भागी श्रीमति रजनी सिंघई, विनोद नायक परिवार को मिला। इसी तरह अन्य संयम कलशों की स्थापना का सौभाग्य समाज के श्रेष्ठी जनों को मिला। इस अवसर पर नगर व आसपास के श्रावकों के अलावा अन्य स्थानों के श्रावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। 105 अनंत मति माता जी के ससंघ वर्षा योग चैमासा कलश स्थापना के अवसर पर अनंत मति माता जी ने अपनी दिव्य देशना में कहा कि ये धरा इसलिये पावन नहीं है कि यहां वर्षा में सावन बरसती है ये धरा इसलिये पावन है यहां संतों का आगमन ओर चैमासा होता है।

### धन का करें सदुपयोग

पाषाण को पावन कर संयम का प्रतीक बनाया अपने ही प्रतिबिंब को नूतन आचार्य पद दिया। नूतन आचार्य श्री के आर्शीवाद से ही नरसिंहपुर को यह पावन वर्षा योग प्राप्त हुआ। मनुष्य अत्यधिक व्यापार से धन का संचय कर लेता है इस वर्षा योग में उक्त संचित धन का सदुपयोग कर चैमासे में पुण्य कमाता है इस चकाचौंध व भौतिकता में आज ऐसी गुरूवर जैसी संत मुद्रायें विरले ही देखने को मिलती है करूणा,वात्सल्य,सहजता व संयम का मार्ग बताने वाले गुरू कम ही मिलते हैं। भव-भव की,जन्म-जन्म की प्यास मिटा दी,जब चरण पडे गुरूवर के गदगद हुए नर-नारी,सभी भक्त राम भक्त हनुमान जैसे दिखते हैं ऐसी ही सभी की भक्ति गुरूजी के प्रति हमेशा ही दिखाई दी है। चूने सीमेंट का भवन सौ वर्ष चलता है परंतु पाषाण का भवन हजारों सहस्त्रों वर्ष चलता है। पूत के लक्षण पालने में दिखते हैं गुरू जी की मूकमाटी अध्यात्मिक अमृत वाणी है। आज्ञा पालन करने वाले में सम्यक दृष्टि जीव की आस्था ओर विश्वास रहता है। जिसके पुण्य कर्मों का उदय होता है इस चैमासे में अपने ह्रदय पटल खोल दे जिस प्रकार माता सीता को रत्नमय अंगूठी हनुमान के माध्यम से राम ने भेजी थी जिसे माता सीता ने हनुमान से प्राप्त कर उस अंगूठी में लगे रत्नों में जिस में राम के दर्शन हुए उन रत्नों को अपने पास रखा ओर हनुमान से राम के दर्शन कराने का निवेदन किया तो हनुमान ने राम के सच्चे भक्त होने के नाते अपना ह्रदय खोल कर माता सीता को राम के दर्शन करा दिये। जो हनुमान की आस्था राम के लिये प्रगट होतीहै इसी प्रकार यहां उपस्थित भक्त जन गुरू के भक्त हैं।

### श्रावकों की रही भीड़

बूंद-बूंद से मिले तो जल में गति हो जाती है इस जल से सागर बन जाता है सागर से पूंछा तो सागर ने बतलाया कि मेरा अस्तित्व बूंद-बूंद में है इसी प्रकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति के पुरूषार्थ से समाज का निर्माण होता है अभी हाथ में हाथ रखकर बैठने का समय नहीं है। बल्कि हाथ से हाथ मिलाने से वात्सल्य की उत्पत्ति होगी। जिससे नवसृजन होगा, वात्सल्य के साथ सारी संकीर्णताओं व भूलों का विनाश होता है इन्हें भुलाकर बहुत बडे कार्य कर सकते हैं। संयम को पाया है भव से भव सागर का तीर पा लिया अपनी प्यास बुझाने को मीठा नीर पा लिया, समय सागर के आशीष से नरसिंहपुर ने वर्षा योग पा लिया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या मे श्रावक श्रद्धालु मौजूद रहें।

# सरपंच सचिवों का शाल श्रीफल से किया सम्मान





**नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले के सरपंच सचिवों को माईसेम सीमेंट कंपनी द्वारा प्लांट का भ्रमण कराकर सीमेंट निर्माण कार्य का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के दौरान सरपंच एवं सचिवों को सम्पूर्ण प्लांट भौतिक रूप निरीक्षण कर दिखाया गया जिसमें उन्होंने देखा की किस प्रकार से माईसेम सीमेंट कंपनी सभी भारतीय मानक को ध्यान में रखकर उच्च गुणवत्ता के साथ सीमेंट बना रही है तथा हम सभी जिले के निवासियों को गौरान्वित होना चाहिए की विश्वस्तरीय हेइडेलबर्ग सीमेंट कंपनी जिसका प्लांट हमारे पास के दमोह जिले में है जो की भारत में तो कार्य कर रही है साथ साथ विश्व के 50 से अधिक देशो में 3000 से अधिक स्थानों पर 150 वर्षो के अनुभव के साथ जर्मन तकनीकी के साथ निरंतर सीमेंट का उत्पादन कर रही है स माईसेम सीमेंट का प्लांट सम्पूर्ण रूप से घूमने के बाद सभी सरपंच एवं ग्राम सचिवों ने बताया की सम्पूर्ण प्लांट को बहुत साफ और स्वच्छता के साथ से चलाया जा रहा है और माईसेम सीमेंट कंपनी का विशेष उद्देश्य है आसपास के सभी जिले के लोगो को जर्मन तकनीकी के द्वारा बनाया गया उच्चगुणवत्ता का सीमेंट ताजा उपलब्ध कराया जाये ताकि भविष्य में तापमान की वृद्धि को देखते हुए उनके द्वारा निर्मित कार्य में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उक्त अवसर पर 15 सरपंचो एवं सचिवों को प्लांट हेड सुरेश दुबे और एच.आर. हेड सुजीत मलिक, एडमिन इंचार्ज अनिल शर्मा, शिखर वर्मा तथा म्र.प्र. के कस्टमर सर्विस इंचार्ज इंजी. सर्वेश श्रीवास्तव के द्वारा शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कस्टमर सर्विस इंचार्ज इंजीनियर मुकेश भुसारे द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर टेक्निकल ऑफिसर इंजीनियर अरुण पटेल, दीपेश प्रजापति उपस्थित रहे।

# जनसेवा के संकल्प में विकल्प नहीं: श्री पटेल

**नरसिंहपुर।** शुक्रवार को नगर के स्थानीय ठाकुर बाबा मंदिर के समीप एसआरजी कार्यालय में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के भाई पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल (मुन्ना भैया) द्वारा जन-समस्याओं के समाधान हेतु गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र की जनता को न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आयोजित जनसुनवाई में शुक्रवार को आवेदन एवं मौखिक के माध्यम से लोगों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए मदद की गुहार लगाई। ज्ञात होवे कि पूर्व में क्षेत्र स्व मणिनागेंद्र सिंह मोनू भैया की जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की मदद के लिए नई पहल की शुरुआत की गई थी जिसमें लाखों लोगों तक मदद पहुंची थी। एक बार एसआरजी कार्यलाय में जनसुनवाई की पहल को स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है बीते दिवस 26 जुलाई दिन शुक्रवार की जनसुनवाई में लगभग 43 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें अनेकों आवेदकों को समाधान मिल सका जबकि कुछ आवेदकों को आश्वासन मिल पाया है पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने मीडिया से बात करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि जनसेवा के संकल्प में विकल्प नहीं होता है समाधान ही उस का मुख्य उद्देश्य है। जनसुनवाई के दौरान के एस आर जी कार्यालय में मुख्य रूप से मौजूद गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, पंकज चैकसे, राजकुमार जैन, निधान सिंह पटेल, मुकेश चैकसे, नगरपालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती सतीश पटेल, शक्ति सिंह राजपूत सहित नगरपालिका, जनपद, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों की कर्मचारी मौजूद रहे।



# मातृभूमि की रक्षा करने वाले वीरों को सलाम: मंत्री श्री सिंह

**नरसिंहपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में रोटरी क्लब ऑफ गाडरवारा द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में कक्षा 10 वीं, 11 वीं व 12 वीं के 300 से अधिक छात्र- छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। यह मैराथन दौड़ पलोटनगंज से प्रारंभ होकर राठी तिराहा, गंज, झंडा चैक, चैकी से होते हुए महावीर भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कारगिल विजय का जिक्र कर वीर शहीदों के बलिदान का पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कारगिल विजय दिवस की अहमियत बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने अपनी प्राणों की चिंता किये बगैर हमें विजय दिलायी। कारगिल में जिस शौर्य एवं पराक्रम से हमारे वीरों ने विजय प्राप्त की है। मातृभूमि की रक्षा करने वाले उन वीर शहीदों को सलाम है। भारतीय सेना का यह पराक्रम अद्भुत है। मैं उनके इस पराक्रम को नमन और प्रणाम करता हूं। इस दौरान उन्होंने राज्य शासन द्वारा खेल से जुड़ी व आने वाली नई सौगातों को सभी अवगत कराया। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर मैराथन दौड़ की प्रशंसा की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने स्वागत भाषण दिया। उद्बोधन के पश्चात क्लब के फाउंडर अध्यक्ष रामकुमार काबरा एवं डॉ. दुबे ने मंत्री श्री सिंह को रोटरी पिन लगाकर क्लब का होनरेरी मेंबर बनाया। इसके बाद मंत्री द्वारा क्लब के नए सदस्य एसबीआई शाखा प्रबंधक विनोद अग्रवाल एवं अमन जैन को रोटरी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष प्रियंक सोनी एवं आभार सचिव अभिषेक बड़कुर ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटरी क्लब के अरुण तिवारी, अशोक राजपूत, मनोज बसा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद थे।



# रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर के माध्यम से रोजगार कार्यालय प्रांगण नरसिंहपुर में रोजगार मेले का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मेले में 152 बेरोजगार आवेदकों का पंजीयन किया गया। मेले में आई 5 कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 95 बेरोजगार आवेदकों का प्रारंभिघ्क चयन किया गया। रोजगार अधिकारी एसआर पाराशर ने बताया कि रोजगार मेले में सागर मेन्यूफेक्चर प्राईवेट लिमिटेड भोपाल द्वारा 8, गोल्डन फॉर्म एग्रीकल्चर सागर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 20,एलआईसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 24, नव किसान बायो प्लांट जबलपुर द्वारा 18 और केव्हीके जबलपुर द्वारा 25 बेरोजगार आवेदकों का प्रारंभिघ्क चयन किया गया।



# मिशन शक्ति के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ कार्यक्रम आयोजित

**नरसिंहपुर।** हब फॉर एंपारमेंट ऑफ वुमैन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत मिशन शक्ति के छठवें सप्ताह के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण- डीएलएसए के सहयोग से बालक- बालिकाओं को महिला केन्द्रित कानूनों पर शिक्षण सत्र व घरेलू हिंसा और दंडात्मक उपायों से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की गई और उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर से चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल से चित्रांश विष्णु श्रीवास्तव मौजूद थे। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोहनी जाधव के मार्गदर्शन व वन स्टॉप सेंटर- सखी प्रशासक श्रीमती संध्या काले द्वारा आयोजित किया गया।



# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एपी सिंह ने शुक्रवार को जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्रसव केन्द्र पनारी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टोर में उपलब्ध दवाईयों, प्रसव केन्द्र में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में पहुंचकर विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने रिकार्ड संधारण एवं कोल्ड चेन फोकल प्वाइंट में वैक्सीन की उपलब्धता, वितरण एवं यूविन पोर्टल पर वैक्सींन की डाटा एण्ट्री का अवलोकन किया। स्वास्थ्य संस्थाओं में उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रतिदिन नियमित रूप से साफ- सफाई रखने के निर्देश दिये।



# दुर्गम कीचड़ युक्त मार्ग से चलने मजबूर हैं ग्रामीण

**तेंदूखेड़ा** एक तरफ जहां शासन द्वारा प्रत्येक गांव को पक्के मुख्य सड़क मार्गों से जोड़ने की दिशा में प्रधानमंत्री सड़कें बनवा कर सड़कों का जाल बिछाया है वहीं चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सर्रा बंधी का ग्राम बंधी में पक्की सड़क न बन पाने के कारण यहां के लोगों को बरसात के दिनों में कीचड़ युक्त मार्ग से आना जाना करना पड़ता है। हमारे प्रतिनिधि को ग्राम पंचायत सर्रा बंधी के उपसरपंच मिथलेश शर्मा ने बताया कि यहां के खेतों जाने वाली सड़क को लेकर अनेकों बार अपनी बात रखी है लेकिन पक्की सड़क बनने की दिशा में कोई उचित पहल नहीं हो सकी है। स्थिति यह है कि बरसात के दिनों में बीमार होने वाले पीड़ित वर्ग को इसी कीचड़ में से लाना ले जाना पड़ता है। स्कूलों को जाने वाली छात्राओं को परेशान होना पड़ रहा है।फिलहाल इस मार्ग पर बजरा और मुरम ही डाल दी जाएगी तो आवागमन सुचारू हो सकता है।जब इस संबंध में ग्राम पंचायत सर्रा बंधी के सरपंच से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि बजरा और मुरम को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से लिखित में आवेदन किया है लेकिन अभी तक कोई अनुमति नहीं मिली जिस कारण से परेशान होना पड़ रहा है।



### राजस्व गांव ना होने का भुगत रहे खामियाजा

ग्राम पंचायत मदनपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम टपरियों गांव जो कि मदनपुर ग्राम पंचायत का वार्ड क्रमांक 11 है। लगभग 325 से अधिक लोग यहां पर निवास किया करते हैं। लेकिन विसंगती यह बनीं हुई है कि यह गांव राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं है। मुख्य सड़क मार्ग से टपरियों तक सड़क मार्ग को बनाये जाने की दिशा में यहां के लोगों ने तरह-तरह के यतन कर डाले लेकिन आश्वासनों का झुनझुना ही हाथ लगा है।जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा ग्राम पंचायत मदनपुर के सरपंच से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि यहां पर बरसात के पूर्व मुरम तो डलवा दिया था लेकिन कृषि कार्य को निकलने वाले ट्रेक्टरों के कारण सड़क ज्यों की हो जाती है।यह सड़क पक्की सीमेंटीकृत सड़क बनने की जरूरत है।

# जान जोखिम में डालकर गुजर रहे बच्चे व दोपहिया वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी से बालाघाट मुख्य मार्ग पर स्थित वारा रेल्वे क्रासिंग के पास ओवरब्रिज निर्माण कार्य जोरों से चल रहा हैं। इस ओवरब्रिज के बनने से ट्रेनों के आवागमन के दौरान भी सडक़ यातायात बाधित न होकर सुचारू रूप से चलता रहेगा। इस ओवरब्रिज के निर्माण में कम से कम 2 वर्ष लग सकते हैं। लेकिन ओवरब्रिज का निर्माण करवाने वाले ठेकेदार की लापरवाही के कारण स्कूली बच्चों व दोपहिया वाहन चालकों के लिए परेशानी खड़ी हो गई हैं, जो कभी भी जानलेवा साबित हो सकती है।

**ओवर ब्रिज निर्माण के लिए मुख्य मार्ग को किया गया बंद :** ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु ठेकेदार द्वारा मुख्य सडक़ मार्ग पर गहरे गड्ढे किए जा रहे है और क्रासिंग के दोनों ओर से चौपहिया वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया गया हैं। अब ओवर ब्रिज के निर्माण तक वाहनों के आवागमन के लिए मार्गो को परिवर्तित कर दिया गया हैं। बालाघाट की ओर से आने-जाने वाले बड़े वाहनों के लिए वारा से गायत्री मंदिर रोड व वारासिवनी से बालाघाट की ओर जाने-आने वाले छोटे वाहनों के लिए बालाघाट मार्ग पर स्थित गणेश मंदिर के बाजू से शिवधाम मोहल्ला होते हुए गोंडी टोला से बालाघाट मुख्य मार्ग तक पहुँचने की व्यवस्था की गई हैं।

**सलाहकारों व जनप्रतिनिधियों की मनमानी व अदूरदर्शिता से संकरे बने दोनों परिवर्तित मार्ग:** लेकिन इन परिवर्तित मार्गो का निर्माण जिस एजेंसी द्वारा करवाया गया हैं, उनमें शामिल सलाहकारों व जनप्रतिनिधियों की मनमानी व दूरदर्शिता के अभाव के कारण यह दोनो ही मार्ग बेहद संकरे बने होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। इन मार्गो से गुजरने वाले कई वाहन सडक़ के नीचे उतर कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है।

**ठेकेदार ने दो पहिया वाहनों के लिए छोड़ा थोड़ा सा स्थान:** शुरुवात में ठेकेदार द्वारा निर्माण स्थल के दोनों ओर से मार्ग बंद कर दिया गया था। जिससे भारी बारिश होने पर बालाघाट छोर पर सडक़ में जमा पानी आसपास के कई मकानों में घुस गया था। जिस पर आनन फानन में ठेकेदार ने दोपहिया वाहनों के आने-जाने के लिए थोड़ी सी जगह को खोल दिया। जिससे दो पहिया वान चालक यहॉ से गुजर रहे हैं। लेकिन चार पहिया छोटे वाहनों को आज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

**गणेश मंदिर के बाजू में बड़ी नहर पर बनाए गए पुल से चार पहिया वाहन नहीं मुड़ पाते:** निर्माण एजेंसी द्वारा गणेश मंदिर के बाजू से बड़ी नहर पर बनाया गया मार्ग तो चार पहिया वाहनों के जाने लायक भी नहीं हैं। इस पुल का निर्माण करते समय निर्माण एजेंसी ने इस बात का ध्यान नहीं दिया कि जब इस पुल पर से चार पहिया वाहन गुजरेगे, तो वह मुड़ भी पायेंगे या नहीं? जिसका भुगतमान अब वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा हैं।

**जान जोखिम में डालकर गुजर रहे बच्चे व दोपहिया चालक:** गौरतलब है कि रेल्वे क्रासिंग के दूसरी ओर बालाघाट मार्ग पर सीएम राइज टिहलीबाई उत्कृष्ट विद्यालय एवं जीनियस किड्स स्कूल हैं। जहॉ लगभग 3000 बच्चे पढ़ते है। ऐसे में रोजाना स्कूल जाने-आने वाले बच्चे व छोटे बच्चों को छोडऩे जाने वाले परिजनों सहित अन्य राहगीर निर्माण स्थल के किनारे से गुजर रहे हैं। भारी आवागमन के चलते रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। निर्माण स्थल पर खोदे जा रहे गहरे गड्ढे के बिलकुल समीप से गुजर रहे दोपहिया वाहनों और उसमें बैठे लोगों की जान का खतरा बना रहता है।

**ठेकेदार निर्माण स्थल पर कर रहा मापदंडों की अनदेखी :** निर्माण स्थल पर ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मापदंडों की अनदेखी की जा रही है। जिस जगह मशीनों से गड्ढे खोदे जा रहे हैं, वहॉ न तो बेरीकेट्स लगाए गए है और न ही यातायात व्यवस्था के लिए किसी कर्मचारी को तैनात किया गया है। लिहाजा दोपहिया वाहन चालक अपने हिसाब से यहां से गुजर रहे है। जहॉ रोजाना जाम की स्थिति बन रही हैं।